एलाइंस एअर
ALLIANCE AIR
Connecting India



# “आवाहन” (उन्मुक्त उड़ान का)

## सितम्बर, 2025
## राजभाषा विभाग

उड़ान संरक्षा जागरूकता सप्ताह



स्वतंत्रता दिवस



गणेश चतुर्थी



राष्ट्रीय खेल दिवस



हिंदी कार्यशाला



हिंदी पखवाड़ा



## मुख्य कार्यपालक अधिकारी की कलम से



**''हिंदी राष्ट्रभाषा है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को, प्रत्येक भारतवासी को इसे सीखना चाहिए'' – रविशंकर शुक्ल**

प्रिय साथियों,

भारत के इतिहास में आज का दिन गौरव, अभिमान व आत्मसम्मान के दिवस के रुप में अंकित है। भारतीय संविधान में हिंदी को 14 सितम्बर, 1949 को भारत के राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। हमारे देश में अनेक प्रकार की भाषाएं बोली जाती हैं विविधता के बीच एकता ही हमारे देश की विशेषता है और हिंदी हमारे देश की सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। हिंदी भाषा में ही भारत की अनेक क्षेत्रीय भाषाओं के शब्दों को स्वयं में समाहित करने की पूरी क्षमता है जिससे हिंदी और समृद्ध और जीवंत हुई है। हिंदी की इस विशेषता में भारतीय संस्कृति के हर रंग और हर धर्म की झलक देखने को मिलती है।

कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का कर्तव्य है कि कार्यालय में राजभाषा हिंदी के प्रयोग का विस्तार करें व मूल टिप्पण व मूल पत्राचार को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दें। यह जरूरी नहीं, कि हिंदी के भारी भरकम शब्दों का प्रयोग किया जाए। हम कार्यालय में सीधे, सरल शब्दों का प्रयोग कर हिंदी में काम कर सकते हैं। हमारी एयरलाइन क्षेत्रीय सम्पर्क योजना के अन्तर्गत प्रचालन करती है और समग्र भारत के दूरस्थ क्षेत्रों को हम अपनी उड़ानों के माध्यम से एक करते हैं और राजभाषा इस उद्देश्य में हमारी सहायक है।

आइए, आज हम सब मिलकर हिंदी दिवस के अवसर पर यह संकल्प लें कि देश, मातृभूमि, एयरलाइन और राजभाषा हिंदी के प्रति अपने इस दायित्व को बखूबी निभाएंगे।

जय हिन्द!   जय भारत!

**(राजर्षि सेन)**
**मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

# कार्मिक प्रधान एवं राजभाषा अधिकारी की कलम से



**''राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति की लिए आवश्यक है।'' – महात्मा गांधी**

प्रिय साथियों,

हिंदी दिवस के अवसर पर समस्त एलाइंस परिवार को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर का दिन हिंदी दिवस के रुप में मनाया जाता है। इस दिन हिंदी भाषा को संघ की राजभाषा के रुप में चुना गया था। भाषा किसी भी राष्ट्र की सामाजिक एवं सांस्कृतिक धरोहर की संवाहिका होती है। कोई भी राष्ट्र अपने राष्ट्र को राष्ट्रभाषा के बिना परिभाषित नहीं कर सकता है। हमारी राष्ट्रभाषा हिंदी पिछले कई वर्षों से अपना एक अलग ही वर्चस्व बनाए हुए है।

एलाइंस एअर अपने संवैधानिक दायित्वों को निभाने के साथ–साथ राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने में सदैव अग्रणी रहा है। इसी उद्देश्य से एलाइंस एअर में हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। आज विमानन क्षेत्र के बदलते परिदृश्य में यात्रियों के साथ हिंदी में बातचीत करने की उपयोगिता भी बढ़ी है।

अतः मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने व हिंदी को प्रेरणा व प्रोत्साहन के साथ लागू करने का अथक प्रयास करें।

आइए, राजभाषा का प्रयोग हम गर्व से करें।

शुभकामनाओं सहित!

**(विमल किशोर त्रिपाठी)**
**कार्मिक प्रधान एवं राजभाषा अधिकारी**

# उड़ान संरक्षा जागरूकता सप्ताह का आयोजन

एलाइंस एअर में दिनांक 30 जून, 2025 से 04 जुलाई, 2025 तक उड़ान संरक्षा विभाग द्वारा गुणवत्ता/सुरक्षा/स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया



## संदेश

प्रिय एलाइंस परिवार,

स्वतंत्रता दिवस के इस गौरवशाली अवसर पर आप सभी को सपरिवार हार्दिक शुभकामनाएं।

आज हम सभी यहां पर 79**वां** स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। 15 अगस्त का दिन हर भारतीय नागरिक के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि हमें इस दिन स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी। आज जब हम तिरंगे को सलामी देते हैं तब हम महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और रानी लक्ष्मीबाई जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हैं जिन्होंने हमें आजादी दिलाई। साथ ही आज हम एकता और आत्मबल का उत्सव भी मना रहे हैं जो न सिर्फ हमारे देश को बल्कि हमारे इस संगठन को भी विशेष बनाता है।

एलाइंस एअर का सफर भी आसान नहीं रहा है, जैसे देश ने अनेक चुनौतियों का सामना कर आज ये मंजिल हासिल की है, वैसे ही एलाइंस एअर ने भी बड़ी मुश्किल हालातों, बढ़ती लागत, प्रचालन की समस्याओं व बदलती जरूरतों का साहस के साथ सामना किया है। जैसा कि एलाइंस एअर एक विमानन कम्पनी है, प्रतिस्पर्धा के इस दौर में हमें और अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता है, जिससे हम कम्पनी को और अधिक उचांईयों तक ले जाने में सफल रहें।

मैं, आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि यह कठिन समय भी जल्द ही बीत जाएगा और हम इससे और भी मजबूत होकर निकलेंगे और संगठित होकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे। आप सभी का हर प्रयास, हर उड़ान, हर सेवा, हर मुस्कान एलाइंस एअर को बेहतर बनाता है और एलाइंस एअर की प्रगति में भागीदार बनाता है।

एलाइंस एअर ने देश के कोने–कोने को अपनी उड़ानों के माध्यम से कनेक्ट किया है। देश के छोटे शहरों और दुर्गम क्षेत्रों को मेट्रों स्टेशनों के साथ जोड़ा है। भारत सरकार की उड़ान एवं आरसीएस जैसी योजनाओं में हमारी भागीदारी गर्व का विषय है।

एलाइंस एअर द्वारा **आजादी के अमृत महोत्सव समारोह** के तहत **हर घर तिरंगा अभियान, 2025** में सक्रिय रूप से भाग लेकर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इससे जुड़ने का आहवान किया गया है।

आइए, हम उन स्वतंत्रता सेनानियों से प्रेरणा लें जिन्होंने कभी हार नहीं मानी और अपने प्राणों की आहूति देकर हमें स्वतंत्रता दिलाई।

आइए, हम गर्व, उद्देश्य और समर्पण के साथ ऊंची उड़ान भरें।

धन्यवाद। जय हिंद! वंदे मातरम्!

(राजर्षि सेन)
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

## एलाइंस एअर मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन

प्रत्यके वर्ष की भांति इस वर्ष भी एलाइंस एअर कार्यालय में 79वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलाइंस एअर के विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। उपरोक्त कार्यक्रम के अवसर पर सर्वप्रथम सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री राजर्षि सेन महोदय जी का सलामी के साथ स्वागत किया गया। एलाइंस एअर मुख्यालय के प्रांगण में मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय द्वारा झण्डारोहण किया गया तथा उपस्थित सभी विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। तत्पश्चात सुश्री भारती सहरावत, वरि. प्रबंधक (क्यूएमएस) द्वारा मंच संचालन किया गया। आयोजन के दौरान श्री महेन्द्र सिंह गुसाईं, उप प्रबंधक, वित्त ने देशभक्ति गीत और सुश्री सुप्रिया दास, प्रबंधक, कार्मिक ने फूल की अभिलाषा कविता प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय जी ने यहां उपस्थित सभी विभागाध्यक्षों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता के महत्व एवं एलाइंस एअर के विषय में संक्षिप्त जानकारी देते हुए समस्त एलाइंस परिवार को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



# संदेश

नमस्कार,

आदरणीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय एवं यहां उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। आज हम सभी यहां पर 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं।

15 अगस्त हिन्दुस्तान के लिए एक गौरवशाली इतिहास का दिन है। क्योंकि इस दिन हमें आजादी मिली थी। यह स्वतंत्रता हमारे जीवन में कई तरह के आयाम जोड़े हुए है। स्वतंत्रता सिर्फ गुलामी से मुक्ति नहीं है, बल्कि यह सोचने, बोलने और जीने की आजादी है, लेकिन जिम्मेदारी के साथ। हमारे भीतर देशभक्ति का जोश हमेशा जीवित रहना चाहिए।

देश की आजादी के लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने लम्बे समय तक संघर्ष किया है। इस संघर्ष में अनेक सेनानियों ने अपनी जान की बाजी तक लगा दी। देश के विकास और प्रगति में हमारा भी संवैधानिक दायित्व है कि हम अपने देश के प्रति शिक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनकर अपने कर्तव्यों का अनुपालन करें और आपसी सौहार्द, साक्षरता, स्वच्छता का परिचय देकर देश को उंचाइयों तक ले जाने का प्रण करें।

**''सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा,**
**हम बुलबुले हैं इसकी, यह गुलसितां हमारा।''**

तिरंगे का हर रंग हमें एक संदेश देता है –केसरिया साहस और बलिदान का, सफेद शांति और सच्चाई का और हरा समृद्धि और प्रगति का। जब यह तिरंगा हवा में लहराता है तो यह हमें गर्व, एकता और हमारी पहचान का एहसास कराता है।

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि हम सभी एक विमानन कम्पनी से जुड़े हुए हैं। एलाइंस एअर कम्पनी जो कि एक समूह को परिभाषित करती है। एक राष्ट्रीय वाहक होने के तौर पर एलाइंस एअर अपने प्रचालन के माध्यम से सभी देशवासियों को एक समूह में बांधने हुए हमें अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए प्रोत्साहित और गौरवान्वित करती है।

अंत में आप सभी को 15 अगस्त की पुनः हार्दिक शुभकामनाएं!

**धन्यवाद!  जय हिंद!  जय भारत!**

**(विमल किशोर त्रिपाठी)**
**कार्मिक प्रधान एवं राजभाषा अधिकारी**



## नराकास की छःमाही बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह

दिनांक 20 अगस्त, 2025 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम–2) दिल्ली के तत्वाधान में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. (डीएमआरसी) द्वारा 15वीं छःमाही बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता की गई। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. द्वारा आयोजित बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह में एलाइंस एअर, राजभाषा विभाग द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया। उपरोक्त बैठक में पिछली 14वीं छःमाही बैठक की पुष्टि करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से 01 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026 के दौरान आयोजित किए जाने वाले राजभाषा प्रेरक कार्यक्रमों/गतिविधियों एवं कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा की गई।






### क्या आप .......

- स्वयं हिंदी में कार्य करते हैं और दूसरों को प्रेरित करते हैं?
- अपने कार्यालय में हिंदी के प्रति अनुकूल वातावरण बनाए रखते हैं?
- विभाग के नाम पट्ट, विजिटिंग कार्ड, मोहरें, नोटिस बोर्ड पर सूचनाएं द्विभाषी तैयार करते हैं?
- हिंदी में हस्ताक्षर करते हैं?
- राजभाषा अनुभाग से हिंदी कार्य के लिए सहायता लेते हैं?
- राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली हिंदी कार्यशालाओं/हिंदी प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं?
- राजभाषा निरीक्षण के दौरान राजभाषा अधिकारियों को सहयोग प्रदान करते हैं?
- राजभाषा ई–पत्रिका आवाहन पत्रिका में अपनी रचनाएं लेख, कविताएं आदि भेजते हैं?

**यदि हां तो आप हैं राजभाषा की प्रगति के हिमायती।**

## हिंदी कार्यशाला

दिनांक 02 सितम्बर, 2025 को एलाइंस एअर, राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी जानने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 10 अधिकारियों/कर्मचारियों जिनमें सर्वश्री ईश्वर चन्द्र, अधिकारी, वित्त, श्री सुनील कुमार, अधिकारी, वित्त, श्री शिवम् शर्मा, पैरामेडिकल, मेडिकल, सुश्री ममता, पैरामेडिकल, मेडिकल, सुश्री सीमा दास, वरि. पर्यवेक्षक, आईएफएस, श्री अनुराग प्लाका, अधिकारी, विपणन हैल्प डेस्क, सुश्री हरजीत कौर, अधिकारी, विपणन हैल्प डेस्क, श्री नितेश जी., अधिकारी, राजस्व प्रबंधन, श्री विकास लोहमोर, अधिकारी, राजस्व प्रबंधन, श्री मनीष वत्स उप प्रबंधक, सूचना प्रौद्योगिकी ने भाग लिया।





कार्यशाला में स्लाइड के माध्यम से गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2025–26 में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने की जानकारी दी गई तथा राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अन्तर्गत जारी किए जाने वाले कागजातों को द्विभाषी भेजना व राजभाषा नियम 1976 के नियम 5 के तहत हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर अनिवार्यतः हिंदी में दिया जाना व कार्यालय कार्य में रोजमर्रा उपयोग में आने वाले सरल और सहज हिंदी शब्दों को प्रयोग में लाने, हिंदी की छोटी–छोटी टिप्पणियां, नोटिंग ड्राफ्टिंग आदि के बारे में बताया गया।

यूनिकोड की सुविधा और उसकी उपयोगिता के बारे में सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को बताया गया तथा सभी को कम्प्यूटर पर यूनिकोड में हिंदी टंकण का अभ्यास एवं विभागों के नाम, पदनाम हिंदी में लिखने का भी अभ्यास कराया गया। जिससे हिंदी पत्राचार के लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त किया जा सके। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों में राजभाषा दायित्वों के प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभाने में सहायता मिलेगी।


**राजभाषा विभाग**
**एलाइंस एअर**

## गणेश चतुर्थी के आयोजन की झलकियां

दिनांक 27 अगस्त, 2025 को एलाइंस एअर मुख्यालय में गणेश चतुर्थी का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक महोदय, मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय एंव वरि. अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर गणेश चतुर्थी के आयोजन का शुभारंभ किया गया। दिनांक 04 सितम्बर, 2025 को गणेश विसर्जन बड़ी धूमधाम से किया गया। सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने इस आयोजन का लुफ्त उठाया ।



## गणेश जी के टूटे दांत की पौराणिक प्रचलित कहानी



पौराणिक कथा के अनुसार जब महर्षि वेदव्यास महाभारत लिखने के लिए बैठे, तो उन्हें एक ऐसे व्यक्ति की जरूरत थी जो उनके मुख से निकले हुए महाभारत की कहानी को लिखे।

इस कार्य के लिए उन्होंने श्री गणेश जी को चुना। गणेश जी भी इस बात के लिए मान गए पर उनकी एक शर्त थी कि पूरा महाभारत लेखन को एक पल के लिए भी बिना रुके पूरा करना होगा।

गणेश जी बोले – अगर आप एक बार भी रुकेंगे तो मैं लिखना बंद कर दूंगा।

महर्षि वेदव्यास ने गणेश जी की इस शर्त को मान लिया।

लेकिन वेदव्यास ने गणेश जी के सामने भी एक शर्त रखी और कहा – गणेश आप जो भी लिखोगे समझ कर ही लिखोगे।

गणेश जी भी उनकी शर्त मान गए। दोनों महाभारत के महाकाव्य को लिखने के लिए बैठ गए। वेदव्यास जी महाकाव्य को अपने मुहं से बोलने लगे और गणेश जी समझ–समझ कर जल्दी–जल्दी लिखने लगे। कुछ देर लिखने के बाद अचानक से गणेश जी का कलम टूट गया। कलम महर्षि के बोलने की तेजी को संभाल ना सका।

गणेश जी समझ गए की उन्हें थोडा सा गर्व हो गया था और उन्होंने महर्षि की शक्ति और ज्ञान को ना समझा। उसके बाद उन्होंने धीरे से अपने एक दांत को तोड़ दिया और स्याही में डूबा कर दोबारा महाभारत की कथा लिखने लगे।

जब भी वेदव्यास को थकान महसूस होती तो वह एक मुश्किल सा छंद बोलते, जिसको समझने और लिखने के लिए गणेश जी को ज्यादा समय लग जाता था और महर्षि को आराम करने का समय भी मिल जाता था।

इस तरह महर्षि वेदव्यास जी और गणेश जी को महाभारत लिखने में 3 वर्ष लग गए।

# एलाइंस एअर में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

दिनांक 29 अगस्त, 2025 को एलाइंस एअर में महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। मेजर ध्यानचंद 29 अगस्त 1905 को प्रयागराज में जन्मे थे। उन्हें इतिहास का सबसे महान हॉकी खिलाड़ी माना जाता है। हर वर्ष 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उनके योगदान को सम्मान देने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है।

राष्ट्रीय खेल दिवस का मुख्य उद्देश्य खेलों के महत्व और दैनिक जीवन में शारीरिक रूप से सक्रिय रहने के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम, आयोजन और सेमिनार आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर एलाइंस एअर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिसमें सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ–चढ कर भाग लिया। इस दिवस का उद्देश्य खेलों के मूल्यों–अनुशासन, दृढ़ता, खेल भावना और टीम वर्क–के बारे में जागरूकता बढ़ाना और आम नागरिकों को खेल के महत्व को समझने और इसे अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

मेजर ध्यानचंद के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि समर्पण, अनुशासन और कड़ी मेहनत से किसी भी क्षेत्र में महानता हासिल की जा सकती है। उनका जीवन सिखाता है कि सफलता का मूल मंत्र मेहनत और समर्पण है।



# एलाइंस एअर मुख्यालय में हिंदी पखवाड़ा 2025 का आयोजन

हिंदी पखवाड़ा 2025 के अवसर पर एलाइंस एअर मुख्यालय में दिनांक 14 सितम्बर, 2025 से 28 सितम्बर, 2025 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़े के दौरान दो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें दिनांक 22/09/2025 को कविता पाठ प्रतियोगिता व दिनांक 24/09/2025 को हिंदी भाषा ज्ञान एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें अधिकारियों/कर्मचारियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

14 सितम्बर, हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, एलाइंस एअर, कार्मिक प्रधान एवं राजभाषा अधिकारी जी द्वारा जारी संदेशों को सभी विभागाध्यक्षों/अनुभागाध्यक्षों/कर्मचारियों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के बीच व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु प्रेषित किया गया।

इस अवधि में हिंदी पखवाड़े का आयोजन करने व अधिकारियों/कर्मचारियों में हिंदी के प्रति जागरूकता लाने तथा हिंदी के प्रचार–प्रसार को बढ़ाने के लिए हिंदी स्लाइड व स्लोगनों, राजभाषा संकल्प 1968, राजभाषा नियम, 1976 एवं राजभाषा अधिनियम 1963 को सभी विभागों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों को प्रेषित किया गया। सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने प्रतियोगिताओं में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया और कार्यक्रम की सराहना की। मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए हिंदी पखवाड़े का समापन किया गया ।



## देश की शान है हिंदी, देश की पहचान है हिंदी, क्योंकि हर भारतीय के दिल में विराजमान है हिंदी।

कृपया अपनी प्रतिक्रिया से अवश्य अवगत कराएं। प्रस्तुतिकरण – विनोद चन्द्र सनवाल
कमला मेहरा
रचना पुण्डीर

राजभाषा विभाग, एलाइंस एअर, मुख्यालय

सम्पर्क – 011–25674178
ई मेल– **rajbhasha@allianceai.in**